दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 06/08/2023

# मंत्री जी बोले, बहुत चिंता की बात नहीं कि महंगा हो रहा है टमाटर

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**सीएसए पहुंचे कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने की समीक्षा बैठक और केवीके का दौरा**

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (5 Aug):** 'यह बहुत चिंता की बात नहीं है कि टमाटर महंगा हो रहा है'. यह बात सैटरडे को प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने मीडिया से बातचीत में कहीं. मंत्री ने कहा कि टमाटर का यह सीजन ही नहीं है, यह ऑफ सीजन है. किसानों को प्रोटेक्टिव फॉर्मिंग की ओर चलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. सरकार प्रोटेक्टिव फार्मिंग के लिए अनुदान भी दे रही है.

## मीडिया न करे फोकस

एक ओर मंत्री ने आफ सीजन की बात कही तो वहीं दूसरी ओर वह टमाटर के सड़ने की बात करने लगे. सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि बरसात में टमाटर जैसी फसलें खराब हो जाती हैं. ऐसे में मीडिया को भी टमाटर की महंगाई पर फोकस नहीं करना चाहिए.

## केवीके का किया दौरा


मंत्री से सीएसए के कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर का दौरा किया. वहां निरीक्षण में केवीके की फैसिलिटीज को बेहतर बनाने और परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के निर्देश दिए. कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश में किसान पाठशाला चलेंगी. बताया कि पीएम फसल बीमा योजना की तारीख को बढ़ाकर 10 अगस्त कर दिया गया है. दोपहर 2.30 बजे से सीएसए के वीसी कमेटी हाल में डायरेक्टर, डीन और एचओडी के साथ समीक्षा बैठक की. यहां कृषक भारती पुस्तक का विमोचन भी हुआ. यहां वीसी डॉ. आनंद कुमार सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. पीके उपाध्याय, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. खलील खान, डॉ. वीके त्रिपाठी और डॉ. डीपी सिंह आदि मौजूद रहे.

## मंत्री ने दिए गोलमोल उत्तर

सीएसए में शिक्षकों की कमी के सवाल पर मंत्री ने कहा कि जल्द भर्ती की जाएगी. प्लान के वर्कर्स की सीएसए में पोस्टिंग के सवाल पर भी वह घुमाते रहे. इसके अलावा केवीके थरियांव में 112 हरे पेड़ कटने के मामले में बोले की बाद में बात करेंगे.

## 10 ट्रक की डिमांड, आज आई छह गाड़ियां

चकरपुर मंडी में टमाटर के होल सेल विक्रेता सौरभ पांडेय ने बताया कि इस समय सिटी में 10 ट्रक रोजाना की डिमांड है और महज 3-4 ट्रक रोजाना की सप्लाई हो रही है. आज 6 ट्रक मंडी में आए. सैटरडे की बात करें तो 120 रुपए प्रति किलोग्राम के दाम से थोक मार्केट में बिक्री हुई है. फुटकर की बात करें तो 150-160 रुपए किलो बिका है. सौरभ ने बताया कि बंगलुरू से टमाटर आ रहा है. बरसात के चलते कई जगहों से टमाटर आ नहीं पाया और सड़ गया है, जिस वजह से दाम बढ़े हैं. दाम कब तक कम होंगे इसके बारे में कोई अंदाज नहीं लगाया जा सकता है.



अमर उजाला 06/08/2023

# शहर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित करें, छात्रों को भी जोड़ें

## समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने कहा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर लेक्चर सीरीज तैयार करें

### कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का किया विमोचन, दलीपनगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का किया निरीक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

**कानपुर।** शहर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित करें। एग्री टूरिज्म में ऐसी जगहों का विकास किया जाए जहां लोगों को घूमने के साथ खेती बाड़ी की भी जानकारी मिल सके। इस काम में छात्रों को भी अपने साथ जोड़ें। एग्री टूरिज्म से शहर को एक नई पहचान मिलेगी। ये बातें कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि एग्री टूरिज्म के लिए जिला प्रशासन का सहयोग लें और जल्द प्रस्ताव मंत्रालय को भेजें। इस दौरान कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया।

विवि में समीक्षा बैठक से पहले शाही ने दलीपनगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का निरीक्षण किया। कहा कि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें। सभी केवीके में जैविक खेती कराएं, जिसे मॉडल के रूप में किसानों को दिखाएं। वहीं, समीक्षा बैठक में कहा कि शिक्षण, शोध व प्रसार गतिविधियों में बदलाव की आवश्यकता है। वैज्ञानिक अपनी रिसर्च का रोडमैप तैयार करें। विवि से संबद्ध 15 कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित करें, जिसे पूरे प्रदेश में लागू किया जा सके। यहां शासन से मिले बजट के कार्य की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सेवानिवृत्त प्रोफेसरों की लेक्चर सीरीज तैयार कराएं। इस मौके पर कृषि अनुसचिव अशोक कुमार सिंह, डॉ. आरके यादव, डॉ. सीएल मौर्या, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. खलील खान, डॉ. अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

## सीएसए में शिक्षकों की जल्द होगी भर्ती



समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों से सवाल-जवाब करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। संवाद

**कानपुर।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को सीएसए विवि में समीक्षा बैठक की। उन्होंने पत्रकारों से शिक्षकों की कमी पर कहा कि शिक्षकों की भर्ती के लिए नए कुलपति का इंतजार था। कुलपति आ गए हैं, अब जल्द ही निर्धारित पदों पर शिक्षकों के भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। कहा कि विश्वविद्यालय शासन के पत्रों को गंभीरता से लें। शिकायत पर तत्काल जवाब दिया जाए। शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे केंद्र सरकार से आग्रह कर 10 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। सिर्फ दो फीसदी प्रीमियम पर फसल का बीमा हो जाता है। प्रतिकूल मौसम में फसल बीमा जरूरी है। हर किसान बीमा कराकर नुकसान से बच सकते हैं। किसानों को प्रोटेक्टिव फार्मिंग पर आगे बढ़ना चाहिए। राज्य सरकार किसानों को प्रोटेक्टिव फार्मिंग के अनुदान भी दे रही है। अब किसानों के लिए लगेगी पाठशाला : शाही ने कहा कि अब 68 हजार गांवों में किसान पाठशाला शुरू होगी, जिसमें किसानों को प्रोटेक्टिव खेती, तकनीकी खेती आदि के बारे में बताया जाएगा। प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने का प्रयास है। (ब्यूरो)

# एग्री टूरिज्म बढ़ाएं, रिसर्च रोडमैप बनाएं: शाही

## कृषि मंत्री ने सीएसए विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक की, कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर का किया निरीक्षण

**कवायद**

- कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन किया
- विवि में शिक्षण, शोध में गतिशीलता लाने का निर्देश

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में समीक्षा बैठक की। उन्होंने विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह और सभी वैज्ञानिकों से कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित करने को कहा। इसके लिए जिला प्रशासन का सहयोग लेने व प्रस्ताव मंत्रालय की बात कही। उन्होंने कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया।



सीएसए विश्वविद्यालय में हुई समीक्षा बैठक में बोलते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

विवि के कुलपति सभागार कक्ष में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विवि, वैज्ञानिक व कृषि विज्ञान केंद्रों की प्रगति की समीक्षा की। विवि में शिक्षण, शोध व प्रसार गतिविधियों में और अधिक गतिशीलता लाने का निर्देश दिया। वैज्ञानिक अपनी रिसर्च का रोडमैप तैयार करें। विवि से संबद्ध 15 कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित करें, जिसे पूरे प्रदेश में लागू किया जा सके। शासन ने विवि के 13 कृषि विज्ञान केंद्रों को पिछले वर्षों में 30 करोड़ रुपये का बजट दिया था। केंद्र प्रभारियों ने इस बजट से किए गए कार्यों की जानकारी दी। जिसका लाभ किसानों को भी पहुंचा है। कुलपति के आग्रह पर कृषि मंत्री ने बायोटेक्नोलॉजी लैब के लिए प्रस्ताव मंत्रालय भेजने का निर्देश दिया। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सेवानिवृत्त प्रोफेसरों की लेक्चर सीरीज तैयार कराएं।

**15**
कृषि विज्ञान केंद्रों को मॉडल के रूप में विकसित करें

इस मौके पर कृषि अनुसचिव अशोक कुमार सिंह, डॉ. आरके यादव, डॉ. सीएल मौर्या, डॉ. पीके सिंह, डॉ. विजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

इससे पहले कृषि मंत्री ने दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का निरीक्षण किया। अनूपपुर गांव में बनी पोषण वाटिका को मॉडल स्वरूप तैयार कर अधिक से अधिक गांवों में वाटिका बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें। सभी केवीके में जैविक खेती कराएं, जिसे मॉडल के रूप में किसानों को दिखाएं। इस मौके पर केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. राजेश राय, डॉ. खलील खान, डॉ. अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## चिंता न करें, यह टमाटर का सीजन नहीं, इसलिए है महंगा

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। 200 से 225 रुपये किलो टमाटर बिकना चिंता की बात नहीं है। यह टमाटर का सीजन नहीं है, इसलिए महंगा है। यह बात शनिवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सीएसए विवि में समीक्षा के दौरान प्रेसवार्ता में कही। कहा कि टमाटर का सीजन सितंबर से जून तक होता है। इस साल अत्याधिक बारिश ने टमाटर की फसल को खासा नुकसान पहुंचाया है। सीजन आते ही टमाटर की कीमत काबू में होगी। कहा कि किसान प्रोटेक्टिव खेती की ओर बढ़ें।

कहा कि प्रदेश के सभी 63 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों की मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे केंद्र सरकार से आग्रह कर 10 अगस्त तक बढ़ा दी। सिर्फ दो फीसदी प्रीमियम पर फसल का बीमा हो जाता है। प्रतिकूल मौसम में फसल बीमा जरूरी है। हर किसान बीमा कराकर नुकसान से बच सकते हैं। बैंकों संग बैठक कर सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। 68 हजार गांवों में किसान पाठशाला शुरू होगी। प्रदेश में प्राकृतिक व श्रीअन्न (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने का प्रयास है। प्रदेश के सभी विवि मोटे अनाज की उत्कृष्ट प्रजाति के बीज विकसित कर रहे हैं।

**जल्द होगी शिक्षकों की भर्ती :** कृषि मंत्री ने शिक्षकों की कमी पर कहा कि विवि को पुराना मुकाम दिलाने का प्रयास है। शिक्षकों की भर्ती के लिए नए कुलपति का इंतजार था। कुलपति आ गए हैं, अब जल्द निर्धारित शिक्षकों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।

**शासन के पत्रों को विवि गंभीरता से लें**

कृषि मंत्री ने कहा कि सभी विवि शासन के पत्रों को गंभीरता से लें। अगर कोई शिकायत पर शासन आख्या मांग रहा है तो संबंधित विवि गंभीरता से जवाब दें। प्लान या नॉन-प्लान के पदों को लेकर विवि कुलपति गंभीरता से फैसला लें।

Sign in to edit and save changes to this file.

कानपुर महानगर
वर्ष: 05 | पृष्ठ : 08
अंक: 65
मूल्य: ₹ 2.00/-
रविवार | 06 अगस्त, 2023

# शाश्वत टाइम्स

हिन्दी दैनिक



WWW.Shashwattimes.com
कृषि मंत्री ने की कृषि विज्ञान केंद्र... ›› पृष्ठ- 02

## प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री ने कुलपति एवं कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

शाश्वत टाइम्स/कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति सभागार कक्ष में प्रदेश सरकार के कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में कुलपति ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या को प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री जी ने कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में सभी रिक्त पदों को शीघ्र अति शीघ्र भरने के लिए भी कहा है। जिससे शिक्षण,शोध एवं प्रसार गतिविधियों में और गतिशीलता लाई जा सके। तथा सभी वैज्ञानिकों से रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है।उन्होंने निदेशक से कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित कराएं। विश्वविद्यालय में स्थित बायोटेक्नोलॉजी लैब हेतु योजना बनाकर भेजने के लिए भी कहा है। उन्होंने शिक्षण कार्य में गतिशीलता के लिए कहा कि सेवानिवृत्त प्रोफेसरों के लेक्चर सीरीज अवश्य कराए जाएं। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कृषि अनुसचिव श्री अशोक कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर सी एल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पी के सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉक्टर विजय कुमार यादव सहित सभी प्रोफेसर एवं अधिकारी उपस्थित रहें।



दैनिक जागरण कानपुर 06/08/2023

# टमाटर पर हाय-तौबा ठीक नहीं : शाही

जासं, कानपुर : शनिवार को शहर पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) और कृषि विज्ञान केंद्रों के कामकाज की समीक्षा की। सीएसए में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि यह टमाटर की खेती का सीजन नहीं है। इसलिए महंगा होना स्वाभाविक है। टमाटर को लेकर मीडिया का हाय-तौबा मचाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जैविक फसलों के खरीद की व्यवस्था भी शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि टमाटर जैसी फसलों की खेती अगर संरक्षित वातावरण में की जाए तो इस तरह की किल्लत नहीं होगी। ऐसी खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अनुदान भी दिया जा रहा है। इससे भविष्य में समस्या से निपटना आसान होगा। 60 हजार किसानों को निश्शुल्क श्रीअन्न बीज बांटे गए हैं।



चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही (बाएं)। साथ में कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह (बाएं से दूसरे) ● जागरण

**कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सीएसए में की समीक्षा बैठक, कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर का भी किया निरीक्षण**

अगले साल प्रदेश में श्रीअन्न की खेती बड़े पैमाने पर की जा सकेगी। विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी ज़ल्द शुरू की जाएगी। इससे पहले उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर का निरीक्षण किया। गांवों में पोषण वाटिका विकास करने और किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। कुलपति सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर जोर दिया। प्रसार निदेशालय की कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का लोकार्पण भी किया। कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह व विश्वविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# रहस्य संदेश

RNI. NO. UPHIN/2007/20715

214 लखनऊ एंव एटा से प्रकाशित, रविवार, 06 अगस्त, 2023 पृष्ठ: 8 मूल्य:


कापियां को बिना चेक किए गई एलएलबी द्वितीय वर्ष का में फेल करते हुए रिजल्ट घोषित कारनामा उजागर किया गया भुगतना पड़ा।

## प्रदेश के मा. कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री ने कुलपति एवं कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक,कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का किया विमोचन



( अनवर अशरफ ) कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति सभागार कक्ष में आज प्रदेश सरकार के कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने माननीय मंत्री जी को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में कुलपति ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या को प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री जी ने कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में सभी रिक्त पदों को शीघ्र अति शीघ्र भरने के लिए भी कहा है। जिससे शिक्षण,शोध एवं प्रसार गतिविधियों में और गतिशीलता लाई जा सके। तथा सभी वैज्ञानिकों से रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है।उन्होंने निदेशक से कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित कराएं। विश्वविद्यालय में स्थित बायोटेक्नोलॉजी लैब हेतु योजना बनाकर भेजने के लिए भी कहा है। उन्होंने शिक्षण कार्य में गतिशीलता के लिए कहा कि सेवानिवृत्त प्रोफेसरों के लेक्चर सीरीज अवश्य कराए जाएं। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कृषि अनुसचिव श्री अशोक कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर सी एल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पी के सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉक्टर विजय कुमार यादव सहित सभी प्रोफेसर एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

अंक-151 कानपुर, रविवार 6 अगस्त 2023 पृष्ठ-8

दैनिक

# आज का कानपुर

पुर से प्रकाशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बांदा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

# मंत्री सूर्य प्रताप का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर किया स्वागत

## मंत्री ने कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का किया विमोचन



**आज का कानपुर**

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति सभागार कक्ष में प्रदेश सरकार के कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में कुलपति ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या को प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में सभी रिक्त पदों को शीघ्र अति शीघ्र भरने के लिए भी कहा है। जिससे शिक्षण,शोध एवं प्रसार गतिविधियों में और गतिशीलता लाई जा सके। तथा सभी वैज्ञानिकों से रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है।उन्होंने निदेशक से कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित कराएं। विश्वविद्यालय में स्थित बायोटेक्नोलॉजी लैब हेतु योजना बनाकर भेजने के लिए भी कहा है। उन्होंने शिक्षण कार्य में गतिशीलता के लिए कहा कि सेवानिवृत्त प्रोफेसरों के लेक्चर सीरीज अवश्य कराए जाएं। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कृषि अनुसचिव अशोक कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर सी एल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पी के सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉक्टर विजय कुमार यादव सहित सभी प्रोफेसर एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

आज 06/08/2023 महानगर

# एग्री टूरिज्म पर जोर, खाली पदों पर भर्ती शीघ्र

## कृषि मंत्री ने कुलपति एवं कृषि अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 5 अगस्त । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार कक्ष में आज प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कृषि मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। बाद में कुलपति ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या को प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने शहर में एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया और सभी रिक्त पदों को शीघ्र भर्ती होगी। शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों में और गतिशीलता लाई जा सके। तथा सभी वैज्ञानिकों से रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने निदेशक से कहाकि कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित कराएं। विश्वविद्यालय में स्थित बायोटेक्नोलॉजी लैब हेतु योजना बनाकर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षण कार्य में गतिशीलता के साथ ही सेवानिवृत्त प्रोफेसरों के लेक्चर सीरीज अवश्य कराए जाएं। मंत्री व अतिथियों ने प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कृषि अनुसचिव अशोक कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी एल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पी के सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. विजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे



बैठक करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

### मंत्री बोले-टमाटर महंगा तो बहुत चिंता की बात नहीं

कानपुर। प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहाकि यह बहुत चिंता की बात नहीं है कि टमाटर महंगा हो रहा है। वैसे टमाटर का यह सीजन ही नहीं है और यह आफ सीजन है। किसानों को प्रोटेक्टिव फार्मिंग की ओर चलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। सरकार प्रोटेक्टिव फार्मिंग के लिए अनुदान भी दे रही है। टमाटर के सड़ने की बात कहते हुए मंत्री ने कहा कि बरसात में टमाटर जैसी फसलें खराब हो जाती है।

### कृषि मंत्री ने किया प्रक्षेत्र भ्रमण गांवों में बने पोषण वाटिका

कानपुर, 5 अगस्त। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलित नगर पर आज कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर कानपुर देहात में आज भ्रमण कर वैज्ञानिकों से विषयवार प्रगतिवेदन के साथ समीक्षा की। मंत्री ने वैज्ञानिकों के कार्यो की सराहना करने के साथ गावों में पोषण वाटिका ज्यादा से ज्यादा बनवाने हेतु निर्देशित किया। मंत्री ने कहा की पोषण वाटिका कुपोषण निवारण हेतु सबसे सशक्त उपाय है । उन्होंने केंद्र पर कराये जा रहे प्राकृतिक खेती के परीक्षण की समीक्षा करते हुए कहा की इसको और बढ़ावा देने की आवश्यकता है । कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने रासायनिक एवं प्राकृतिक खेती के उत्पादन की व्याख्या करते हुए बताया कि फसल उत्पादन रासायनिक से तीन कुंतल कम होने पर भी गुणवत्ता युक्त प्राकृतिक खेती से उत्पाद पैदा होता है। उन्होंने बताया की रासायनिक उर्वरको व दवाओं पर लगभग 30-35 प्रतिशत पर खर्च हो जाता है जो पूर्णतया बचता है, जिससे की लागत कम होती है। मंत्री ने प्रक्षेत्र भ्रमण किया और केंद्र पर लगी धान की कैफेटारिया देख कर प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही प्रक्षेत्र पर बुआई कर रेवोल्विंग फंड बढ़ाने के निर्देश दिये। इस दौरान अधिष्ठाता कृषि डॉ सी एल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पी के सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आर के यादव एवं केंद्र के प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह के साथ केंद्र के समस्त वैज्ञानिक डॉ राजेश राय, डॉ खलील खान, डॉ निमिषा अवस्थी व कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे ।...

राष्ट्रीय स्वरूप 06/08/2023

# शाही ने कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का किया विमोचन

कानपुर । सीएसए के कुलपति सभागार कक्ष में प्रदेश सरकार के कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में कुलपति ने



विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या को प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में सभी रिक्त पदों को शीघ्र अति शीघ्र भरने के लिए भी कहा है। जिससे शिक्षण,शोध एवं प्रसार गतिविधियों में और गतिशीलता लाई जा सके। तथा सभी वैज्ञानिकों से रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है।उन्होंने निदेशक से कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित कराएं। विश्वविद्यालय में स्थित बायोटेक्नोलॉजी लैब हेतु योजना बनाकर भेजने के लिए भी कहा है। उन्होंने शिक्षण कार्य में गतिशीलता के लिए कहा कि सेवानिवृत्त प्रोफेसरों के लेक्चर सीरीज अवश्य कराए जाएं। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कृषि अनुसचिव अशोक कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर सी एल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पी के सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉक्टर विजय कुमार यादव सहित सभी प्रोफेसर एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएसए में कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री शिव प्रताप शाही ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

प्रदीप शर्मा



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार कक्ष में शनिवार को प्रदेश सरकार के कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समीक्षा बैठक मे कृषि मंत्री ने कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में सभी रिक्त पदों को भरने की बात कही। जिससे शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों में और गतिशीलता लाई जा सके। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों से रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने तथा निदेशक से कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित कराने की बात कही। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थित बायोटेक्नोलॉजी लैब के लिए योजना बनाकर भेजने, शिक्षण कार्य में गतिशीलता के लिए सेवानिवृत्त प्रोफेसरों के लेक्चर सीरीज कराने की बात कही। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन किया।

समीक्षा बैठक में कृषि अनुसचिव अशोक कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी. एल. मौर्या, निदेशक शोध डॉ. पी. के. सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ.विजय कुमार यादव सहित सभी प्रोफेसर एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# रहस्य संदेश

RNI. NO. UPHIN/2007/20715

214 लखनऊ एंव एटा से प्रकाशित, रविवार, 06 अगस्त, 2023 पृष्ठ : 8 मूल्य:


# मा.कृषि मंत्री ने की कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर,की समीक्षा बैठक

(अनवर अशरफ ) चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलित नगर पर आज प्रदेश सरकार के कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर कानपुर देहात में आज भ्रमण कर वैज्ञानिकों से विषयवार प्रगतिवेदन के साथ समीक्षा की। माननीय मंत्री ने वैज्ञानिकों के कार्यो की सराहना करने के साथ गावों में पोषण वाटिका ज्यादा से ज्यादा बनवाने हेतु निर्देशित किया।इस अवसर पर



मंत्री ने कहा की पोषण वाटिका कुपोषण निवारण हेतु सबसे सशक्त उपाय है । उन्होने केंद्र पर कराये जा रहे प्राकृतिक खेती के परीक्षण की समीक्षा करते हुए कहा की इसको और बढ़ावा देने की आवश्यकता है । इस अवसर पर कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने रासायनिक एवं प्राकृतिक खेती के उत्पादन की व्याख्या करते हुए बताया कि फसल उत्पादन रासायनिक से तीन कुंतल कम होने पर भी गुणवत्ता युक्त प्राकृतिक खेती से उत्पाद पैदा होता है। उन्होंने बताया की रासायनिक उर्वरको व दवाओं पर लगभग 30 –35 प्रतिशत पर खर्च हो जाता है जो पूर्णतया बचता है, जिससे की लागत कम होती है।

email: shahardayaranews@gmail.com
दैनिक
# शहर दायरा न्यूज
हिन्दी/अंग्रेजी द्विभाषीय
https://www.facebook.com/shahardayaranews/
वर्ष 8 अंक: 299 कानपुर, रविवार 6 अगस्त 2023 पृष्ठ: 8 मूल्य-2.00 ₹

# कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री ने कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का किया विमोचन



**कानपुर।** सीएसए के कुलपति सभागार कक्ष में प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक की इस अवसर पर कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया स्वागत उद्बोधन में कुलपति ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या को प्रस्तुत किया समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने कानपुर को एग्री टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया उन्होंने विश्वविद्यालय में सभी रिक्त पदों को शीघ्र अति शीघ्र भरने के लिए भी कहा है जिससे शिक्षण,शोध एवं प्रसार गतिविधियों में और गतिशीलता लाई जा सके तथा सभी वैज्ञानिकों से रोड मैप तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है उन्होंने निदेशक से कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित कराएं विश्वविद्यालय में स्थित बायोटेक्नोलॉजी लैब हेतु योजना बनाकर भेजने के लिए भी कहा है उन्होंने शिक्षण कार्य में गतिशीलता के लिए कहा कि सेवानिवृत्त प्रोफेसरों के लेक्चर सीरीज अवश्य कराए जाएं इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित कृषक भारती मिलेट्स विशेषांक का विमोचन भी किया इस अवसर पर कृषि अनुसचिव अशोक कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर सीएल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पीके सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉक्टर विजय कुमार यादव सहित सभी प्रोफेसर एवं अधिकारी उपस्थित रहे।